भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 56

बुधवार, 06 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्टार्टअप उद्यम

56*. श्री मलूक नागरः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अपने महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत किन्ही स्टार्टअप उद्यमों की पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या देश के पिछड़े क्षेत्रों, विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में, किन्हीं स्टार्टअप की पहचान की गई है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) : विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

दिनांक 06.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 56 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): सरकार ने देश में नवप्रयोग, स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक सशक्त इकोसिस्टम के निर्माण के उद्देश्य से 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की।

स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, सरकार ने स्टार्टअप हेतु कार्ययोजना की शुरुआत की है जिसमें स्कीमों और पहलों के माध्यम से देश में एक जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के सृजन की परिकल्पना की गई है। इस कार्य योजना में 19 कार्य मदें शामिल हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं जैसे "सरलीकरण एवं सहायता", "निधीयन सहायता और प्रोत्साहन" तथा "उद्योग-शैक्षणिक भागीदारी और इन्क्यूबेशन"।

समग्र सरकार व्यापी दृष्टिकोण अपनाते हुए इस कार्ययोजना के तहत निर्धारित कार्य मदों पर कार्रवाई करने के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर की गई पहलों में स्टार्टअप इंडिया, अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), नवप्रयोग को विकसित करने और उसका उपयोग करने हेतु राष्ट्रीय पहल (निधि), जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बाईरेक), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-कृषि और संबद्ध क्षेत्र के पुनर्विकास के लिए लाभकारी दृष्टिकोण (आरकेवीवाई-रफ्तार), रक्षा उत्कृष्टता हेतु नवप्रयोग (आईडेक्स), मेईटी स्टार्टअप हब (एमएसएच) आदि देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास और संवर्धन की दिशा में एक संपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने को प्रोत्साहित और सशक्त कर रहे हैं।

दिनांक 19 फरवरी, 2019 की सा.का.नि. अधिसूचना संख्या 127 (अ) में निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा कंपनियों को 'स्टार्टअप्स' के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है। सरकार के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 31 अक्तूबर, 2023 तक डीपीआईआईटी ने 1,14,902 कंपनियों को स्टार्टअप्स के रूप में मान्यता प्रदान की है।

विशेष रूप से उत्तर प्रदेश राज्य में डीपीआईआईटी द्वारा वर्ष 2016 से 10,725 कंपनियों को स्टार्टअप्स के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य के मान्यताप्राप्त स्टार्टअप्स का जिलेवार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-।

दिनांक 06.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 56 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

उत्तर प्रदेश राज्य से मान्यताप्राप्त स्टार्टअप्स का जिले-वार ब्यौरा (31 अक्तूबर 2023 तक) निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**उत्तर प्रदेश के जिले**	**मान्यताप्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या**
1.	आगरा	375
2.	अलीगढ़	113
3.	अंबेडकर नगर	7
4.	अमेठी	14
5.	अमरोहा	16
6.	औरैया	77
7.	अयोध्या	41
8.	आज़मगढ़	25
9.	बागपत	26
10.	बहराइच	17
11.	बलिया	23
12.	बलरामपुर	4
13.	बांदा	16
14.	बाराबंकी	22
15.	बरेली	182
16.	बस्ती	36
17.	भदोही	11
18.	बिजनौर	43
19.	बदायूं	18
20.	बुलंदशहर	65
21.	चंदौली	24
22.	चित्रकूट	8
23.	देवरिया	34
24.	एटा	11
25.	इटावा	25
26.	फर्रुखाबाद	13
27.	फ़तेहपुर	25
28.	फिरोजाबाद	33
29.	गौतम बुद्ध नगर	3287
30.	गाज़ियाबाद	1511
31.	गाज़ीपुर	41
32.	गोंडा	30
33.	गोरखपुर	196
34.	हमीरपुर	16
35.	हापुड़	26
36.	हरदोई	21
37.	हाथरस	25
38.	जालौन	15
39.	जौनपुर	46
40.	झांसी	124
41.	कन्नौज	23
42.	कानपुर देहात	28
43.	कानपुर नगर	508
44.	कासगंज	4
45.	कौशांबी	17
46.	खीरी	21

क्र.सं.	उत्तर प्रदेश के जिले	मान्यताप्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या
47.	कुशीनगर	22
48.	ललितपुर	13
49.	लखनऊ	1740
50.	महाराजगंज	15
51.	महोबा	11
52.	मैनपुरी	21
53.	मथुरा	113
54.	मऊ	12
55.	मेरठ	275
56.	मिर्ज़ापुर	36
57.	मुरादाबाद	126
58.	मुजफ्फरनगर	61
59.	पीलीभीत	20
60.	प्रतापगढ़	23
61.	प्रयागराज	256
62.	रायबरेली	28
63.	रामपुर	27
64.	सहारनपुर	98
65.	संभल	10
66.	संत कबीर नगर	14
67.	शाहजहांपुर	29
68.	शामली	15
69.	श्रावस्ती	3
70.	सिद्धार्थ नगर	7
71.	सीतापुर	22
72.	सोनभद्र	28
73.	सुल्तानपुर	41
74.	उन्नाव	30
75.	वाराणसी	386
	कुल	**10725**

*****